हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 12 अंक : 134 देहरादून, शुक्रवार, 17 नवंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



भाजपा को जिताकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करें : सतपाल महाराज 3

# रेस्क्यू कार्य में लगी सभी टेक्निकल एजेंसियों को हर संभव सहयोग : मुख्यमंत्री



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 17 नवंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा में चल रहे हैं रेस्क्यू ऑपरेशन पर निरंतर निगरानी बनाए हुए हैं । मुख्यमंत्री धामी ने कमिश्नर गढ़वाल, आईजी गढ़वाल एवं राहत एवं बचाव में लगी एजेंसियों से सिलक्यारा में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन तथा टनल में फंसे श्रमिकों की कुशलक्षेम की हर पल की अपडेट ले रहे हैं ।मुख्यमंत्री ने सचिवालय में बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेस्क्यू कार्य में लगी सभी टेक्निकल एजेंसियों को हर संभव सहयोग दिया जाय।

गढ़वाल कमिश्नर को मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि रेस्क्यू कार्य में किसी भी प्रकार से विलंब न हो, मौके पर कार्य कर रही एजेंसियों को राज्य की तरफ़ से सभी आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाये ।मुख्यमंत्री बचाव कार्यों में लगी एजेंसियों और जिलाधिकारी उत्तरकाशी से भी समय- समय पर अपडेट ले रहे हैं। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव आर.मीनाक्षी सुंदरम, गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय एवं सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी मौजूद थे।

उत्तराखंड के उत्तरकाशी में टनल में फंसे 40 मजदूरों को बचाने के लिए आज पांचवे दिन युद्धस्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है. मजदूरों को निकालने के लिए जारी बचाव अभियान आज पांचवे दिन में प्रवेश कर गया. 100 घंटों से अधिक समय से मजदूर उत्तरकाशी के सुरंग में फंसे हुए हैं. बता दें कि रविवार 12 नवंबर को, सिल्क्यारा सुरंग परियोजना ढह गई, इसमें 40 मजदूर सुरंग में फंस गए.इस बीच गुरुवार को मशीनों के रेस्क्यू साइट पर पहुंचने के बाद पहले उसकी पूजा की गई और फिर मलबा हटाने का काम शुरू किया गया. अमेरिकन ऑगर मशीन के काम शुरू करने के बाद सुरंग में फंसे मजदूरों को सुरक्षित निकालने की उम्मीदें ज्यादा बढ़ गई है. अब आगे बचाव अभियान में इस मशीन की मदद ली जाएगी. इस मशीन से रेस्क्यू टीम को ड्रिलिंग करने में आसानी होगी. इस मशीन की मदद से ही ड्रिलिंग कर 900 एमएम के पाइप इस तरफ से उस तरफ तक पहुंचाने का प्लान बनाया गया है.

# कृत्रिम गर्भाधान से पांच लाख गाय बनेंगी दुधारू : सौरभ बहुगुणा

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



उत्तराखंड 17 नवंबर। बृहस्पतिवार को देहरादून मोथरोवाला स्थित पशुपालन निदेशालय के सभागार में पशुपालन कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सौरभ बहुगुणा ने पांच लाख गायों को कृत्रिम गर्भाधारण से दुधारू बनाने के लिए बडा कदम उठाया। उन्होंने कार्यक्रम का आनलाइन शुभारंभ करते हुए अधिकारियों को लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

**पशुपालन निदेशालय सभागार में कैबिनेट मंत्री उत्तराखंड सौरभ बहुगुणा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया**

सौरभ बहुगुणा ने कडे निर्देश देते हुए कहा कि कृत्रिम गर्भाधान के लिए किये जा रहे कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान रखा जाए। जिससे पशुपालकों का इस तकनीक के प्रति विश्वास बना रहे और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में अत्यधिक वृद्धि हो सके। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा कार्यक्रम के लिए 500 रूपये प्रति वीर्य डोज व भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत 250 रूपये प्रति वीर्य डोज का अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा कई जनपदों द्वारा जिला योजना के तहत भी अनुदान दिया जा रहा है। इस मिशन से लगभग 35 प्रतिशत संतति उत्पन्न करने का लक्ष्य है। जिससे प्रतिवर्ष 90 प्रतिशत की दर से कुल 1.575 लाख मादा बछिया उत्पन्न होंगी। इन उच्च नस्ल की इन बछियाओं द्वारा भविष्य में 8 लीटर की औसत दर से 12.60 लाख लीटर दूध प्रति दिन उत्पादित होगा। जिससे 43 रूपये प्रति लीटर की औसत दर से विक्रय कर पशुपालकों को प्रति वर्ष रूपए 162540 करोड़ की आय प्राप्त होगी। यह नवीनतम तकनीक प्रधानमंत्री के पशुपालकों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए मील का पत्थर साबित होगी। अवांछनीय नर बछड़ों की संख्या में कमी के साथ ही निराश्रित गौवंश के पशुओं की संख्या में भी कमी आयेगी।

कार्यक्रम में सचिव पशुपालन निदेशक पशुपालन मुख्य अधिशासी अधिकारी उत्तराखंड लाइव स्टॉक डवेलपमेन्ट बोर्ड मुख्य अधिशासी अधिकारी उत्तराखण्ड भेड़ एवं ऊन विकास बोर्ड अपर निदेशक व संयुक्त निदेशक तथा सभी जनपदों के मुख्य पशुचिकित्साधिकारियों पशुचिकित्साधिकारी ग्रेड.1 व ग्रेड.2 एवं पशुधान प्रसार अधिकारियों द्वारा ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के लिए पशुपालकों को कम मूल्य पर उच्च अनुवांशिक गुणों वाले सांडों का लिंग वर्गीकृत वीर्य राज्य के लगभग 1720 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों के माध्यम से पशुपालकों की मांग के अनुसार उपलब्ध कराया जायेगा। सचिव पशुपालन उत्तराखण्ड शासन द्वारा अपने सम्बोधन में अपनी बात रखते हुए जोर दिया कि पशुपालन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्य को नौकरी न समझकर इसे सेवा समझे। उन्होंने यह भी कहा कि गौ माता की सेवा ही प्रभु सेवा है।

# मुख्यमंत्री ने मिलेट बेकरी आउटलेट का उद्घाटन किया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**




देहरादून , 17 नवंबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में मिलेट बेकरी आउटलेट का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य के मोटे अनाजों पर आधारित उत्पादों को बढ़ावा देने और महिला स्वयं सहायता समूहों की आजीविका में वृद्धि करने के उद्देश्य से सचिवालय परिसर में मिलेट बेकरी का आउटलेट शुभारंभ किया गया है।

राज्य में ग्रामीण महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों द्वारा स्थानीय मंडुआ, झंगोरा, ज्वार, चौलाई इत्यादि अनाजों के उत्पादन बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इन उत्पादों के मूल्य संवर्धन के लिए जनपद देहरादून के रायपुर ब्लॉक तथा जनपद पौड़ी के पौड़ी ब्लॉक में 2 मिलेट उत्पादों की बेकरी प्रारम्भ की गयी है। मिलेट बेकरी में मंडुआ तथा झंगोरा का प्रसंस्करण कर बिस्किट, ब्रेड तथा पिज्जा बेस व अन्य उत्पाद तैयार किये जा रहें है। अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष 2023 के अन्तर्गत स्थानीय मोटे अनाजों के उत्पादन और उपभोग को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में अनेक कार्यक्रम किये जा रहे हैं।



राज्य सरकार द्वारा महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं। वर्ष 2025 तक सवा लाख महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अभी तक 40 हजार 270 महिलायें लखपति दीदी बनायी जा चुकी है। चयनित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को बेकरी विशेषज्ञ के माध्यम से बेकरी उत्पाद हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है जिससे अधिक संख्या में समूहों द्वारा बाजार की मांग के अनुरूप उच्च गुणवत्ता तथा पोषण से युक्त बेकरी उत्पाद तैयार कर लोगों को उपलब्ध करा सके। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु, अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव राधिका झा एवं ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# खाने का सही समय आपको रखेगा पॉजिटिव और खुश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 17 नवंबर , एक टेस्ट के नतीजे बताते हैं कि केवल सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे के बीच खाने से पॉजिटिव हेल्थ लाभ हो सकते हैं। कुछ इंटरमिटेंट फास्टिंग के समर्थन करने वाले कम से कम छह घंटे तक खाने के पीरियड को बढ़ावा देते हैं, जैसे- सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे के बीच सारा खाना खा लेना। लेकिन किंग्स कॉलेज लंदन के रिसर्चरों की एक टीम ने पाया कि जो कम रिस्ट्रिक्टेड वाले हैं, उनमें भी मूड, ऊर्जा और भूख में पॉजिटिव बदलाव हो सकते हैं।



एक खबर के अनुसार, रिसर्चरों ने ZOE ऐप का इस्तेमाल किया, जो पार्टिसिपेंट्स को डेली अपने हेल्थ को लॉग करने की अनुमति देता है। ऐप पर 37,000 से ज्यादा लोगों पर स्टडी पूरी की गई, जिसके दौरान उन्हें एक सप्ताह के लिए सामान्य रूप से खाने के लिए कहा गया और फिर अगले फोर्टनाइट के लिए केवल 10 घंटे के दौरान खाने के लिए कहा गया, साथ ही उनसे उनके मूड, ऊर्जा और भूख के लेवल के बारे में जानकारी लॉग करने के लिए भी कहा गया।

एनालिसिस से पता चला कि जो लोग दिन में 14 घंटे उपवास करते थे, उनमें ऊर्जा अधिक थी और उन्हें भूख भी कम लगती थी। जो लोग अपनी खाने की समय सीमा के अनुरूप थे, उन्हें उन लोगों की तुलना में ज्यादा लाभ हुआ, जो दिन-प्रतिदिन अपनी खाने की समय में बदलाव करते थे और लगभग सभी प्रतिभागियों ने कई हफ्तों तक हस्तक्षेप जारी रखने का ऑप्शन चुना।

ZOE की मुख्य वैज्ञानिक Dr. Sarah Berry ने कहा कि सबसे बड़ी स्टडी है जो दिखाती है कि वास्तविक दुनिया में रुक-रुक कर उपवास करने से आपके स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है।

10 घंटे की खाने की सीमा, जो अधिकतर लोगों के लिए मैनिजबल थी, मूड, एनर्जी लेवल और भूख में सुधार किया। जो लोग समय-प्रतिबंधित भोजन करते थे, लेकिन दिन-प्रतिदिन नहीं रहते थे, उनके स्वास्थ्य पर उतने पॉजिटिव असर नहीं हुआ, जितने उन लोगों के थे जो हर दिन समर्पित थे।



Kate Bermingham, जिन्होंने रिसर्च पर भी काम किया, उन्होंने कहा कि यह स्टडी आपके खाने के महत्व को दर्शाने वाले सबूतों के बढ़ते समूह को जोड़ता है। खाने का हेल्थ पर असर सिर्फ यह नहीं है कि आप क्या खाते हैं, बल्कि वह समय जिस पर खाना खाते हैं और समय-समय पर भोजन करना एक महत्वपूर्ण डाइटरी बिहेवियर है जो स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है।

निष्कर्षों से पता चलता है कि हर समय खाते रहने की जरूरत नहीं है। बहुत से लोग अच्छा महसूस करेंगे और अपना वजन भी कम कर लेंगे, अगर वे अपने भोजन को दस घंटे तक सीमित कर दें। ZOE ऐप के हालिया निष्कर्षों से पता चलता है कि रात 9 बजे के बाद भोजन करना आपके स्वास्थ्य के लिए खराब हो सकता है।

# स्मार्टफोन की भी Expiry Date होती है, जानें कैसे और कहां चेक करें?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 17 नवंबर , कहते हैं खाने-पीने की चीजें और दवाइयां एक्सपायरी डेट चैक करने के बाद ही खरीदें। सिलेंडरों की भी एक्सपायरी डेट होती है। अगर एक्सपायरी डेट चैक नहीं की और तीनों चीजें इस्तेमाल कर लीं तो नुकसान उठाना पड़ सकता है, लेकिन क्या लोग जानते हैं कि स्मार्टफोन, लैपटॉप और गैजेट्स की भी एक्सपायरी डेट होती है? इन्हें भी एक फिक्स आइम तक ही इस्तेमाल किया जा सकता है। एक्सपायर होने के बाद गैजेट्स का इस्तेमाल भी दवाइयों, खाने-पीने की चीजों और सिलेंडर की तरह जोखिमभरा हो सकता है। इसलिए अपने मोबाइल की एक्सपायरी डेट जानना हर शख्स के लिए जरूरी है, लेकिन इसका पता कहां और कैसे चलेगा, इस बारे में हम बताते हैं...

किस फोन की कितनी उम्र हो सकती है?

अलग-अलग कंपनी के स्मार्टफोन की उम्र अलग-अलग होती है। मोबाइल की एक्सपायरी डेट भी मैन्युफैक्चरिंग डेट पर निर्भर करती है, ऐसे में यह कोई मायने नहीं रखता कि आपने फोन कब खरीदा है। औसतन मोबाइल की उम्र करीब ढाई साल होती है। कुछ की उम्र इससे कम भी हो सकती है। बड़े या छोटे ब्रांड के अनुसार भी मोबाइल की उम्र कम ज्यादा हो सकती है। जैसे एप्पल का फोन 4 से 8 साल तक के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। सैमसंग के फोन की उम्र 3 से 6 साल होती है। विशेष उल्लेखनीय है कि कंपनियां एक निश्चित समय तक ही फोन का अपडेट देती हैं। उसके बाद फोन इस्तेमाल करना आपकी जिम्मेदारी होगी। अगर आप रिस्क लेने के लिए तैयार हैं तो बिना अपडेट के फोन इस्तेमाल कर सकते हैं।

फोन की एक्सपायरी डेट का ऐसे पता लगाएं

स्मार्टफोन की एक्सपायरी डेट के बारे में जानने के लिए उसकी मैन्युफैक्चरिंग डेट जानें। इसके लिए फोन का बॉक्स चैक करें। फोन के बॉक्स पर ही मैन्युफक्चरिंग डेट लिखी होती है। अगर किसी कारण से बॉक्स इधर उधर हो गया तो चिंता न करें। फोन की सेटिंग या अबाउट में इस डेट को बारे में जान सकते हैं। मोबाइल के सीरियल नंबर से भी मैन्युफैक्चरिंग डेट पता लग सकती है। कई कंपनियां इस नंबर में मैन्युफैक्चरिंग डेट छिपा देती हैं। स्पेशल डायल कोड और बूट लॉगिन्ग मैन्यु का इस्तेमाल करके भी मैन्युफक्चरिंग डेट का पता लगा सकते हैं। फोन कंपनी की वेबसाइट पर भी मॉडल देखकर एक्सपायरी डेट जान सकते हैं। Endoflife.date वेबसाइट पर हर कंपनी के फोन की जानकारियां उपलब्ध हैं।



# क्या आप भी करते हैं YouTube का यूज? तो अब भूलकर भी न करना ऐसी गलती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 17 नवंबर , अगर आप भी YouTube पर विज्ञापनों से परेशान हैं तो अब आपको प्रीमियम प्लान ही खरीदना पड़ेगा, क्योंकि अब कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है। YouTube उन यूजर्स पर नकेल कस रहा है जो ऐड ब्लॉकर का यूज करके ऐड फ्री YouTube का यूज कर रहे हैं। वहीं अगर आप ऐसा करते हुए पकड़े गए तो यूट्यूब आपको प्लेटफार्म से ब्लॉक भी कर सकता है।

ऐड रेवेन्यू पर निर्भर YouTube

बता दें कि YouTube ऐड रेवेन्यू पर बहुत ज्यादा निर्भर करता है, वहीं कई यूजर्स मेम्बरशिप के लिए आज भी भुगतान करने को तैयार नहीं हैं, यही कारण है कि वे ऐड ब्लॉकर का यूज करते हैं। इससे YouTube के लिए रेवेन्यू बनाना काफी मुश्किल भरा काम साबित हो रहा है, जो Google के वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म के लिए पहले से ही एक चुनौती बना हुआ है।

खरीदना पड़ेगा YouTube Premium

रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी ऐड ब्लॉकर पर नकेल कसने के अपने प्रयासों को व्यापक बना रही है। अब यूजर्स को या तो विज्ञापनों की अनुमति देनी होगी या YouTube प्रीमियम खरीदना होगा। हालांकि ये फैसला यूजर्स को प्रीमियम मेम्बरशिप लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा। कई Reddit यूजर्स ने भी पोस्ट करते हुए बताया कि उन्होंने पहले ऐड ब्लॉकर को ऑन किया और वीडियो प्ले किया जिसके बाद कंपनी की ओर से एक पॉप अप मैसेज शो हो रहा है। जिसमें ऐड ब्लॉकर को बंद करने के लिए कहा जा रहा है।

3 वीडियो के बाद प्लेटफॉर्म कर देगा ब्लॉक

साथ ही मैसेज में ये भी बताया गया है कि 3 वीडियो के बाद आपको वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफार्म से ब्लॉक कर दिया जाएगा। हालांकि ऐसा होने पर यूट्यूब कब तक ब्लॉक रहेगा इसकी अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। एक रेडिट यूजर ने इसका स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। कंपनी ने पहले ही इसकी पुष्टि कर दी थी कि वह जून की शुरुआत में ऐड ब्लॉकर यूज करने वाले यूजर्स पर जल्द ही कड़ी कार्रवाई करेंगे। अब कंपनी ऐड ब्लॉकर चालू होने पर कुछ वीडियो को चलने से भी रोक रही है।




# भाजपा को जिताकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करें : सतपाल महाराज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून/मध्यप्रदेश, 17 नवंबर , छत्तीसगढ़ में चुनाव प्रचार के बाद भाजपा के स्टार प्रचारक वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तराखंड के केबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मध्यप्रदेश विधानसभा के चुनावी रण में भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा के स्टार प्रचारक वरिष्ठ भाजपा नेता और उत्तराखंड के केबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में कई जनसभाएं कर मध्यप्रदेश में पुनः भाजपा सरकार को सत्तारूढ़ करने का जनता से आह्वान किया। महाराज ने कहा कि यदि राज्य में विकास चाहिए तो भाजपा को विजय बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत कीजिए।

महाराज ने मध्यप्रदेश के प्रसवाडा, विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रामकिशोर नानोह कांवरे, धरमपुरी विधानसभा क्षेत्र से कालू सिंह ठाकुर, घोड़ाडोंगरी विधानसभा क्षेत्र से गंगा सज्जन सिंह के लिए धुआंधार प्रचार कर कई चुनावी जनसभाओं के माध्यम से भाजपा को विजय बनाने का जनता से अनुरोध किया।इस मौके पर अनेक भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।



## परीक्षा तिथि बढ़ाने को लेकर अभाविप मुखर

बागेश्वर। बागेश्वर कैंपस में 20 नवंबर से प्रस्तावित सेमेस्टर परीक्षा के विरोध में अभाविप मुखर होने लगी है। परिषद से जुड़े लोगों ने परीक्षा तिथि बढ़ाने की मांग को लेकर एसएस विवि के कुलपति को ज्ञापन भेजा है। इसमें यूजीसी की 108 कक्षाएं संचालित होने की गाइड लाइन का पालन करने की मांग की है। परिषद से जुड़े छात्र गुरुवार को कैंपस में पहुंचे। प्रभारी निदेशक जीएस गडिया को कुलपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में छात्रों का कहना है कि विवि ने 20 नवंबर से बीए, बीकॉम, बीएससी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा घोषित कर दी है। जो छात्र हित में ठीक नहीं है। पांच अक्टूबर तक कैंपस में प्रवेश प्रक्रिया संपन्न हुई है। अधिकांश पाठ्यक्रम अभी भी शेष है। ऐसे में इतनी जल्दी परीक्षा करना ठीक नहीं है। यह छात्रों के साथ अन्याय होगा। अभी तक कई छात्र-छात्राएं अपना परीक्षा फार्म तक नहीं भर पाए हैं। उन्होंने छात्र हितों को देखते हुए परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने की मांग की है। इस मौके पर पर पवन, पंकज कुमार, शिवपूजन तिवारी, आशिष कुमार, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

## 13 बोतल शराब के साथ एक गिरफ्तार

बागेश्वर। कपकोट थाना पुलिस ने खाइबगड़ पुल के पास गोविंद सिंह पुत्र त्रिलोक सिंह निवासी गांसी को 13 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## डीडीहाट में 93वें दिन भी धरना जारी

बागेश्वर। कलियाबगड़-गोगिनापानी तक तीन किमी सडक़ दस साल बाद भी नहीं बनी है। सडक़ नहीं बनने से लोगों में खासा आक्रोश है। मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। डीएम को ज्ञापन सौंपकर जल्द क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर आंदोलन की चेतावनी दी है। गोगिनापानी की ग्राम प्रधान आनंदी देवी के नेतृत्व में ग्रामीण गुरुवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि मंडलसेरा के किमी दो से कलियाबगड़-गोगिनापानी तक तीन किमी सडक़ 2012-13 से प्रस्तावित है। दस साल बीतने के बाद भी सडक़ का निर्माण आज तक नहीं हो पाया है। सडक़ के अभाव में गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को अस्पताल पहुंचाने में खासी परेशानी हो रही है। गांव से लगातार पलायन भी हो रहा है। सडक़ को लेकर जल्द गांव में एक बैठक की जाएगी। इसके बाद आंदोलन की रूपरेखा तय होगी। यदि इसके बाद भी सडक़ नहीं बनी तो 2024 में होने वो सभी चुनावों का बहिष्कार किया जाएगा। इस मौके पर ख्याली दत्त पांडे, देवीदत्त पांडे, गिरीश चंद्र, भुवन चंद्र, त्रिलोक चंद्र, लमखण सिंह, नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, मनोज बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' आज विकासनगर के जनजातीय गांव आदुवाला,शाहपुर कल्याणपुर पहुंची

देहरादून। जनजातीय क्षेत्र के लिए संचालित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थी तक पहुंचाने के उद्देश्य से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' आज विकास खंड विकासनगर के जनजातीय गांव आदुवाला,शाहपुर कल्याणपुर पहुंची। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सर्वप्रथम वंचित लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का संकल्प है। उसके बाद वंचित समुदायों और प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं से संतृप्ति करने का लक्ष्य रखा गया है। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' रथ का ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा की शपथ लेकर एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आदुवाला एवं शाहपुर में आयोजित कार्यक्रम में सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी आम जनमानस को दी गई। तथा सरकार की लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। रेखीय विभागों के द्वारा अपने अपने विभागों के विभागीय स्टॉल स्थापित कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से जनजातीय समुदाय को लाभान्वित किया गया।

आदुवाला में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 130 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तथा आवश्यक परामर्श के बाद जरूरी दवाईयों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त 70 जरूरत मंद लोगों के आयुष्मान कार्ड मौके पर ही बनाएं गए। कृषि विभाग के द्वारा 10 काश्तकारों को कृषि यंत्र वितरित किए गए। उज्ज्वला योजना के अन्तर्गत 12 महिलाओं को लाभान्वित किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा दो पेंशन प्रकरणों की औपचारिकताओं को पूर्ण कराया गया। पंचायतीराज विभाग द्वारा 5 परिवार रजिस्टर की नकल जारी की।

## कृषि क्षेत्र में कार्यों को गति देने के लिए होंगी कार्यशालाएं

श्रीनगर गढ़वाल। राष्ट्रीय कृषि कल्याण बोर्ड के निदेशक वीरेंद्र जुयाल ने कहा कि उत्तराखंड में कृषि और उद्यान के क्षेत्र में कार्यों को गति दिये जाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। जिसके तहत विभिन्न कार्यशाला आयोजित कर किसानों को पहाड़ में बंजर पड़ी भूमि को खुशहाल करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। गुरुवार को श्रीनगर में पत्रकारों से वार्ता करते हुए राष्ट्रीय कृषि कल्याण बोर्ड के निदेशक वीरेंद्र जुयाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के हरित उत्तराखंड के सपने को सफल बनाने के लिए वह ग्रामीणों को दुबारा खेती की ओर लौटने के लिए जागरूक करेंगे। कहा कि उत्तराखंड में कृषि के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। यहां के ग्रामीण फल, फूल सहित जड़ी-बूटी की खेती कर अच्छी आय कमा सकते है। वीरेंद्र जुयाल ने कहा कि नेशनल हॉटिकल्चर बार्ड एक कमर्शियल बोर्ड है। जिसमें किसान अपनी ओर से किसी भी प्रकार की खेती कर सरकार इसको प्रोजेक्ट के रूप में तैयार करके किसानों को आर्थिकी सहायता करती है। उन्होंने पहाड़ के लोगों से अपनी पारम्परिक खेती की ओर लौटने की अपील की। कहा कि अगले महीने 12 दिसम्बर को पौड़ी और 14 दिसम्बर को जोशीमठ में कार्यशाला आयोजित की जायेगी। जनवरी में जमुना वैली और गंगा वैली में वृहद स्तर पर जागृति अभियान चलाकर लोगों को पारम्परिक खेती की ओर लौटने के लिए प्रेरित किया जायेगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जीतेंद्र धिरवांण, जिला उद्योग व्यापार मंड़ल के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, व्यापार सभा के अध्यक्ष दिनेश असवाल, सौरभ पाण्डेय सहित आदि मौजूद थे।

## शिविर में दी कानून की जानकारी

बागेश्वर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राजकीय इंटर कालेज भटखोला में जन जागरूकता शिविर आयोजित किया। विद्यार्थियों को नशा और ड्रग्स के दुष्प्रभाव बताए। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता को लेकर जागरूक किया। उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर यह शिविर आयोजित किया गया। जिला जज एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आरके खुल्बे के निर्देश पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। सचिव जयेंद्र सिंह ने अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि नशा करने वाले लक्ष्य भटक जाते हैं। उनके जीवन में ड्रग्स दुष्प्रभाव डालता है। युवाओं को नशे से दूर रहना है। लक्ष्य साधकर अच्छा इंसान बनना है। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण के क्रियाकलाप, शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, पोक्सो, मोटर वाहन अधिनियम, साइबर क्राइम, नागरिकों के मूल अधिकार एवं कर्तव्य, भारत का संविधान आदि की जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### 18 नवम्बर को गौचर मेले में सैनिकों को मिलेगी सुविधा

रुद्रप्रयाग। आईबीएक्स ब्रिगेड से सेवानिवृत्त सैनिकों, वीर नारियों एवं सैनिक विधवाओं के लिए गौचर मेले में एक समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें उनकी समस्याओं का निस्तारण करना है, साथ ही उन्हें सेना व सिविल विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर अनेक जानकारियां दीं जाएंगी। 6 ग्रिनेडियर के कर्नल हितेश वशिष्ट ने बताया कि 18 नवम्बर को गौचर में समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह का आयोजन राज्य विभाग एवं राज्य सैनिक बोर्ड के सामंजस्य के साथ किया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत सैनिकों, वीर नारियों तथा सैनिक विधवाओं की विभिन्न समस्याओं का निवारण करना है। साथ ही समारोह स्थल पर ही सेना व सिविल विभागों द्वारा स्टाल लगाकर तथा व्यक्तिगत ध्यान देकर उनकी समस्याओं को दूर किया जाएगा। इसके अलावा समारोह में गढ़वाल राईफल अभिलेख कार्यालय द्वारा पेंशन संबंधी जानकारी भी स्टॉल लगाकर दी जाएगी। जबकि कैन्टीन और मेडिकल की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। समारोह के समापन के दौरान सभी सेवानिवृत सैनिकों, वीर नारियों तथा विधवाओं के लिए भोज का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सभी भूतपूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं विधवाओं से अधिक से अधिक संख्या में समारोह में आने का आह्वान किया है।

### केदार महोत्सव में गूंजे भजन, भक्त मगन

रुद्रप्रयाग। भगवान केदारनाथ की डोली के पहले पड़ाव रामपुर पहुंचने पर बीती रात केदारघाटी सांस्कृतिक जनकल्याण सघर्ष समिति के सहयोग से केदार महोत्सव आयोजित किया गया। जिसमें भजन सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बाबा केदार के मुख्य पुजारी शिवलिंग तथा विशिष्ट अतिथि कर्नल अजय कोठियाल और जिला पंचायत उपाध्यक्ष रुद्रप्रयाग सुमंत तिवारी मौजूद रहे। केदार महोत्सव में भजनों में भक्त मगन हो गए। समारोह में अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि बाबा केदार के मुख्य पुजारी शिवलिंग ने बाबा केदार की स्तुति गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। विशिष्ट अतिथि कर्नल (सेनि) अजय कोठियाल ने कहा कि बाबा केदार की महिमा है कि चारों धामों में सबसे अधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पुनर्निर्माण के कार्य हो रहे हैं, जिस से केदारपुरी भव्य और दिव्य बनेगी। सुमंत तिवाड़ी ने कहा कि बाबा केदारनाथ में इस वर्ष रिकार्ड श्रद्धालु पहुंचे जिस से यहां के स्थानीय लोगों को बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त हुए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे समिति अध्यक्ष रोबिन रावत ने कहा कि बाबा केदार की पंच मुखी डोली रात्रि विश्राम पर हर वर्ष केदार महोत्सव सम्मान समाज मे विशिष्ट कार्य करने वाली प्रतिभा को दिया जाता है, इस वर्ष महिला उत्थान एवं पहाड़ी रीति रिवाजों के लिए कार्य कर रही एवं लेखक जीवन्ति खोयल को दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ जीआईसी रामपुर की छात्राओं ने माता की स्तुति प्रस्तुत कर किया। सांस्कृतिक संध्या में महिला मंगल दलों ने सुंदर भजन सुनाकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं सांस्कृतिक संध्या में भजन एवं गीतों की धूम रही, जिनका दर्शकों ने देर रात्रि तक भरपूर आनन्द उठाया। वहीं कार्यक्रम में जीआईसी रामपुर की छात्र छात्राओं केदार यात्रा झांकी निकाली गई, वहीं कार्यक्रम में सुंदर प्रस्तुति दी गई। इस मौके पर कनिष्क प्रमुख उखीमठ शैलेन्द्र कोटवाल, जिप सदस्य गणेश तिवारी, मन्दिर कार्यधिकारी आर सी तिवारी, श्रीकेदारधाम होटल एसोसिएशन अध्यक्ष प्रेम गोस्वामी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमन जमलोकी, जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रदीप राणा, आशीष नौटियाल, पूर्व प्रधान रामपुर विक्रम रावत, शैलेंद्र रावत, मोहन गजवान, अंकित राणा, संदीप रावत, मनोज सेमवाल, सतीश भट्ट, शांति सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु मौजूद थे।

### बाबा केदार की डोली दूसरे पड़ाव में गुप्तकाशी पहुंची

रुद्रप्रयाग। बाबा केदार की चल विग्रह डोली गुरुवार को पैदल यात्रा के दूसरे पड़ाव में गुप्तकाशी पहुंच गई है। यहां पहुंचने पर स्थानीय लोगों के साथ ही व्यापारियों ने जय बाबा केदार के जयघोष और पुष्प वर्षा के साथ डोली का स्वागत किया। देर सांय गुप्तकाशी पहुंचने पर डोली ने विश्वनाथ मंदिर में रात्रि विश्राम किया। जबकि शुक्रवार को डोली शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी, जहां पूजा अर्चना के बाद डोली और पंचमुखी मूर्ति को मंदिर में विराजमान किया जाएगा। केदारनाथ धाम के कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की चल विग्रह डोली 6 ग्रेनेडियर आर्मी की बैंड धुनों की मधुर धुनों एवं बाबा केदार के जयकारों के साथ दूसरे दिन गुप्तकाशी पहुंची। यहां पहले से ही लोग डोली के स्वागत की तैयारी में थे। अनेक जगहों पर डोली का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया जा रहा है। हर कोई बाबा केदार से सुख शांति और खुशहाली की प्रार्थना कर रहे हैं। वहीं गुरुवार सुबह रामपुर में पूजा अर्चना के बाद डोली ने गुप्तकाशी के लिए प्रस्थान किया।

# क्या है अनसेक्योर्ड लोन और सेक्योर्ड लोन के बीच का फर्क

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 17 नवंबर , लोन का जिक्र चलने पर दो शब्द अक्सर सुनाई देते हैं- सिक्योर्ड लोन और अनसेक्योर्ड लोन. हालांकि ज्यादातर लोगों को इन दोनों के बीच का अंतर नहीं मालूम होता है. आज हम यही जानेंगे कि सिक्योर्ड और अनसेक्योर्ड लोन क्या होता है और इनके बीच क्या अंतर है. बैंक का लोन मुख्य रूप से दो बड़ी कैटेगरी में लोन देते हैं. इसमें एक है सिक्योर्ड लोन और दूसरा है अनसेक्योर्ड लोन.

लोन की अवधि

अनसेक्योर्ड लोन की अवधि अमूमन कम होती है. यानी ये छोटी अवधि के लिए दिए जाते हैं. वहीं, सिक्योर्ड लोन मध्यम से लंबी अवधि के हो सकते हैं.

जोखिम

चूंकि सिक्योर्ड लोन में कोई एसेट गारंटी के तौर पर बैंक के पास रखा जाता है. इसलिए इसमें जोखिम कम होता है. यही कारण है कि बैंक इस पर कम ब्याज दर रखते हैं. वहीं, अनसेक्योर्ड लोन पूरी तरह से ग्राहक की साख पर दिया जाता है. इसके साथ जोखिम ज्यादा होता है.

लोन की रकम

अनसेक्योर्ड लोन में कर्ज की रकम कम होती है.सिक्योर्ड लोन की रकम गारंटी के तौर पर रखे जा रहे एसेट की वैल्यू पर निर्भर करती है.दोनों तरह के लोन देने में बैंक क्रेडिट स्कोर को जरूर देखते हैं.

गारंटी

सिक्योर्ड लोन किसी गारंटी के साथ दिया जाता है जैसे होम लोन और कार लोन. बैंक का लोन खत्म होने के बाद ही एसेट पर आपको पूरा अधिकार मिलता है.अनसेक्योर्ड लोन में किसी तरह की गारंटी नहीं ली जाती है. पर्सनल और क्रेडिट कार्ड लोन अनसिक्योर्ड लोन होते हैं

लोन की रकम

अनसेक्योर्ड लोन में अमूमन कर्ज की रकम कम होती है. जबकि सिक्योर्ड लोन की रकम गारंटी के तौर पर रखे जा रहे एसेट की वैल्यू पर निर्भर करती है. वैसे दोनों तरह के लोन देने में बैंक क्रेडिट स्कोर को जरूर देखते हैं.




# क्या है कृत्रिम बारिश ? जो बचाएगा प्रदूषण से जान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क


ब्यूरो रिपोर्ट , 17 नवंबर , दिल्ली-NCR में एयर पॉल्यूशन खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। इससे निपटने के लिए तमाम कोशिशें उपायों के बीच कृत्रिम बारिश यानी से थोड़ी राहत मिलने की बात कही जा रही है। IIT कानपुर ने दावा किया है कि उसके पास दिल्ली में क्लाउड सीडिंग के जरिए आर्टिफिशियल बारिश कराने की क्षमता है। आइये जानते हैं, ये आर्टिफिशियल बारिश है क्या और भारत समेत दूसरे देश आर्टिफिशियल बारिश का इस्तेमाल कैसे कर रहे हैं।

आर्टिफिशियल बारिश को क्लाउड सीडिंग भी कहा जाता है। आर्टिफिशियल बारिश कराना एक साइंटिफिक प्रोसेस है। इसके लिए पहले आर्टिफिशियल बारिश बनाए जाते हैं। पुरानी और सबसे ज्यादा प्रचलित तकनीक में विमान या हेलीकॉप्टर के जरिए ऊपर पहुंचकर बादलों में सिल्वर आयोडाइड मिला दिया जाता है। इसकी वजह से बादलों का पानी भारी हो जाता है और बारिश हो जाती है। इस प्रोसेस में आम तौर पर आधा से एक घंटा लगता है लेकिन इसकी सफलता मौसम के खास हालात पर डिपेंड करती है। जैसे बादलों में नमी है या नहीं और हवाएं आर्टिफिशियल बारिश कराने के लिए अनुकूल है या नहीं।

क्यों कराई जाती है आर्टिफिशियल बारिश

क्लाउड सीडिंग कितनी इफेक्टिव है इसको लेकर साइंटिस्ट्स में बहस हो रही है। हालांकि कई चीजों के लिए क्लाउड सीडिंग कराई गई है। जैसे सूखे या पानी की कमी का सामना कर रहे इलाकों में, जंगल में लगी आग पर काबू पाने के लिए ओले का आकार कम करने और हवा की गुणवत्ता में सुधार के लिए क्लाउड सीडिंग कराई गई है।






गर्मी-सूखे की समस्या से दिलाती है राहत

जलवायु परिवर्तन की वजह से लोगों को ज्यादा गर्मी और सूखे का सामना करना पड़ रहा है। ज्यादा गर्मी और सूखे की समस्या से निपटने के लि आर्टिफिशियल बारिश (Artificial Rain) को एक कारगर उपाय के तौर पर देखा जा रहा है। थाइलैंड सूखे की समस्या से निपटने के लिए क्लाउड सीडिंग पर काम कर रहा है। आने वाले समय में क्लाउड सीडिंग अरबों डॉलर की इंडस्ट्री के तौर पर उभर सकती है। इससे दुनिया में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और पानी की कमी से निपटने में भी मदद मिलेगी।

क्या आर्टिफिशियल रेन पर्यावरण के लिए खतरनाक

आर्टिफिशियल बारिश कराने के लिए सिल्वर आयोडाइड का इस्तेमाल किया जाता है। इसे हमारे सेहत को नुकसान पहुंचाने वाले रसायन के तौर पर देखा जाता है। हालांकि पर्यावरण पर इसके संभावित असर को लेकर चिंता जताई जा रही है। खास कर पारिस्थितिकीं तंत्र और पानी की गुणवत्ता पर असर और बारिश के प्राकृतिक पैटर्न में बदलाव को लेकर चिंता जताई जा रही है। इसके अलावा ये प्रोसेस महंगी भी है।

# मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने की प्रदेश में बन रही सडक़ों और पुलों की प्रगति समीक्षा

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने गुरुवार को सचिवालय में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत प्रदेश में बन रही सडक़ों और पुलों की प्रगति की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों को जोडने के लिए बनायी जा रही यह सडक़ें बहुत ही महत्त्वपूर्ण हैं, इनका निर्धारित समयसीमा के अंदर बनाया जाना अति महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने इन सडक़ों का कार्य पूरा करने के लिए जिलाधिकारी एवं डीएफओ को उच्च प्राथमिकता पर लेकर इन सडक़ों का निर्माण प्रत्येक स्थिति में पूर्ण करने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी जिलाधिकारी एवं डीएफओ लगातार बैठकें आयोजित कर योजनाओं के पूर्ण होने में आ रही समस्याओं को निस्तारित कर कार्य पूरा कराएं। उन्होंने कहा कि कम समय में अधिक कार्य पूरा करने के लिए 2 या 3 शिफ्ट में कार्य पूरा कराया जा सके इसकी संभावनाएं भी तलाशी जाएं। उन्होंने मुख्य अभियंता एवं अन्य उच्चाधिकारियों को मौके पर जाकर समस्याओं के निस्तारण के निर्देश भी दिए। उन्होंने विभिन्न कार्यों की मॉनिटरिंग के लिए बनाए गए नोडल अधिकारियों को लगातार सम्बन्धित से सम्पर्क कर समस्याओं के निस्तारण किए जाने की बात कही। मुख्य सचिव ने कहा उच्च प्राथमिकता के कार्यों को रूटीन कार्यों की भांति न कर प्रतिदिन उसके लिए समय निकालने की आवश्यकता है। कहा कि प्रतिदिन कार्यों में लगे श्रमिकों एवं मशीनों की संख्या की जानकारी लेकर बचे काम को समय पर समाप्त करने के लिए कितने श्रमिकों को बढ़ाने की आवश्यकता है, इसकी रिपोर्ट मांगी जाए। इस अवसर पर सचिव श्रीमती राधिका झा सहित सम्बन्धित विभाग के अन्य अधिकारी एवं जनपदों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलाधिकारी उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी गब्र्याल ने की ई-आफिस संचालन की प्रगति समीक्षा

प्रत्येक विभाग अपने-अपने सम्बन्धित कार्मिकों का यूजर आईडी एक सप्ताह के भीतर बनवाना सुनिश्चित करः जिलाधिकारी

हरिद्वार। जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को विकास भवन सभागार में ई-आफिस की प्रगति के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिलाधिकारी धीराज सिंह गब्र्याल ने ई-आफिस की प्रगति के सम्बन्ध में प्रत्येक विभाग के अधिकारियों से उनके विभाग द्वारा ई-आफिस के सन्दर्भ में क्या कार्यवाई की जा रही है, के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली। इस पर जिलाधिकारी ने जिस हिसाब से ई-आफिस संचालन की प्रगति होनी चाहिये थी, उस हिसाब से विभिन्न विभागों की ई-आफिस संचालन की प्रगति न होने पर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक विभाग एनआईसी तथा आईटीडीए के माध्यम से अपने-अपने सम्बन्धित कार्मिकों का यूजर आईडी एक सप्ताह के भीतर बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिये कि आपको जो भी फाइल प्रस्तुत करनी है, तो उसे ई-आफिस के माध्यम से ही प्रस्तुत करें तथा भविष्य में अगर किसी कार्मिक को आकस्मिक अवकाश आदि लेना होगा, तो उसकी स्वीकृति भी ई-आफिस के माध्यम से ही दी जायेगी। उन्होंने कहा कि इस कार्य में कोई भी ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

# सडक़ चौड़ीकरण के कार्यों में देरी पर कमिश्नर ने ब्रिडकुल से मांगी रिपोर्ट

नैनीताल। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत ने गुरुवार को निरीक्षण के दौरान रामपुर रोड पर सडक़ चौड़ीकरण के कार्यों में देरी पर नाराजगी व्यक्त की। निर्माण एजेंसी ब्रिडकुल के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक़ चौड़ीकरण का कार्य समय से गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए। कमिश्नर ने गुरुवार को रामपुर रोड से मटकोटा मोड़ तक 58 करोड़ से बनने वाली 21 किलोमीटर सडक़ के चौड़ीकरण के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने रामपुर रोड पर बेलबाबा से चौड़ीकरण कार्यों में देरी होने पर नाराजगी व्यक्त की। बताया गया कि बेलबाबा से रुद्रपुर तक सडक़ चौड़ीकरण कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि शहरीय क्षेत्रों में कार्यों को प्राथमिकता से समय पर पूरा किया जाए। कमिश्नर ने प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रिडकुल आकाश दीप भट्ट को निर्देश कि वह प्रतिदिन के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट उन्हें भेजें। साथ ही शहरीय क्षेत्र में कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 7 मीटर चौड़ी सडक़ को 10 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। जिससे हल्द्वानी से रुद्रपुर के लिए रामपुर रोड बाईपास का पर्यटन की दृष्टि से बेहतर इस्तेमाल हो सके। साथ ही बढ़ते ट्रैफिक में जाम की समस्या से निजात भी मिल सके। उन्होंने दिसम्बर 2023 तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश ब्रिडकुल को दिए हैं। निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रिडकुल के अलावा एई रोहित नरियाल, तहसीलदार सचिन कुमार समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

**30 नवंबर तक सडक़ों को करें गड्ढामुक्त**

आयुक्त ने कहा कि कुमाऊं मंडल में सडक़ों को नवंबर के अंत तक गड्ढामुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सभी खराब मार्गों पर लोनिवि कार्य कर रहा है। उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरहाल में 30 नवंबर तक सडक़ें गड्ढामुक्त कर ली जाएं। कहा कि जो सडक़ें ज्यादा खराब हैं, लेकिन उनका प्रस्ताव नहीं बन पाया है उनके प्रस्ताव जल्द तैयार कर बजट के लिए शासन को भेजे जाएं।

# माधुरी दीक्षित बढ़ाएंगी कांग्रेस की धकधक, भाजपा से टिकट !





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट , 17 नवंबर , हेमा मालिनी , रेखा , जया प्रदा , नगमा , जया बच्चन और अब धकधक गर्ल माधुरी ज्वाइन करेंगी पार्टी और लड़ेंगी लोकसभा ... सूत्रों के मुताबिक माधुरी बीजेपी के नेताओं के संपर्क में हैं. माधुरी के उत्तर मुंबई या उत्तर पश्चिम मुंबई से चुनाव लड़ने की अटकलें हैं. हालांकि अभी तक उन्होंने साफ नहीं किया है कि वो अगर चुनाव लड़ेंगी तो सियासी करियर शुरू करने के लिए किस पार्टी का दामन थामेंगी. इसके पहले पुणे से भी उनके चुनाव लड़ने की अटकलें थीं.

2019 में भी चुनाव लड़ने की चर्चा थी

मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में हुए भारत और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल मैच के दौरान माधुरी दीक्षित मैदान में थीं. इस दौरान वो महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ दिखाई दीं. उनके साथ एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल भी थे. यही नहीं वहां पर बीजेपी नेता आशीष शेलार भी मौजूद थे. जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में माधुरी दीक्षित के चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं.

भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने महाराष्ट्र में 'मिशन 45' पर काम शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार लोकसभा चुनाव में कई सीनियर नेताओं और विधायकों को टिकट दिया जा सकता है। खबर ये भी है कि धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित को भी भाजपा चुनावी मैदान में उतार सकती है। चर्चा है कि बीजेपी माधुरी दीक्षित नेने को सांसद पूनम महाजन या गोपाल शेट्टी के लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतार सकती है। बताया जाता है कि हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा मुंबई दौरे पर आए थे। इस दौरान दोनों नेताओं ने लाल बाग के राजा भगवान गणपति के दर्शन किए थे। इसके बाद दोनों नेताओं की राज्य के बड़े नेताओं के साथ अलग-अलग बैठक भी हुई थी।

बैठक में जेपी नड्डा और अमित शाह दोनों ने लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। इसी बैठक में माधुरी दीक्षित के नाम पर भी चर्चा की गई। बता दें कि इससे पहले 2019 में भी माधुरी दीक्षित के बीजेपी से चुनाव लड़ने की चर्चा थी, तब माधुरी दीक्षित ने इंकार कर दिया था। दरअसल, बीजेपी अगामी लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की लिस्ट तैयार कर रही है। महाराष्ट्र में बीजेपी का टारगेट 48 सीटों में से सहयोगी दलों के साथ 45 सीट जीतने का है, लेकिन पार्टी के सामने सबसे बड़ी मुश्किल ये है कि उनके सामने एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार और उद्धव ठाकरे मैदान में हैं।

आखिर महाराष्ट्र में क्यों नए प्रयोग कर रही है भाजपा ?

कहा जा रहा है कि शरद पवार और उद्धव ठाकरे के मुकाबले भाजपा का गठबंधन कम असरदार है, क्योंकि अभी तक महाराष्ट्र को लेकर जितने भी सर्वे आ रहें हैं, उसमें इंडिया गठबंधन, भाजपा और उसके सहयोगियों पर भारी दिख रहा है। यही कारण है कि बीजेपी इस बार महाराष्ट्र में भी नए प्रयोग करने वाली है।सूत्रों के मुताबिक, बीजेपी आलाकमान ने महाराष्ट्र के नेताओं से साफ कह दिया है कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा0 गीता खन्ना ने गिनाई उपलब्धियां

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**






देहरादून, 17 नवंबर , उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डा० गीता खन्ना ने दो वर्ष के कार्यकाल में आयोग में अपने अनुभव, उपलब्धियों व चुनौतियों के बारे में बताया कि आयोग में उनके द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। इस अंतराल में बच्चों के हितों व उनके अधिकारों को संरक्षित करने के लिये उनके द्वारा अथक प्रयास किये गये।

बाल आयोग अध्यक्ष की जानिए उपलब्धियां

1. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के साथ एक सुन्दर सम्बन्ध और सहयोग की दृष्टि से हमने बच्चों के अधिकारों के संरक्षण हेतु प्रयासरत रहे। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा सभी प्रादेशिक कार्यक्रमों में व आयोजित सभी कार्यशालाओं में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर उत्कृष्ट कार्य करने का प्रयास किया गया

भारत सरकार, सुप्रीम कोर्ट और अन्य सभी शीर्ष द्वारा आयोजित बैठकों में आयोग ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है। मुझे यह बताते हुये अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि उत्तराखण्ड हाईकोर्ट की जुविनाईल जस्टीस कमेटी में अपना संवाद स्थापित कर आयोग के अनुरोध पर एक स्टेट स्टेकहोल्डर मीट की है और लगातार आभासी बैठक के माध्यम से व प्रशासन और आयोग के मार्गदर्शन का कार्य कर रहे है।

3. आयोग में अध्यक्ष पद पर निष्ठावान रूप से पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने में आयोग के सदस्यों द्वारा जनपद स्तर पर सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। माह जनवरी, 2022 में आयोग में अध्यक्ष पद ग्रहण करने के उपरान्त मेरा उद्देश्य राज्य स्तर पर बच्चों के अधिकारों व उनके साथ हो रहे उत्पीड़न को रोकने व इस प्रकार के कृत्य की पुर्नवृति रोकना रहा है।

4. आयोग द्वारा माह अप्रैल, 2023 को आपदा प्रबन्धन एंव पुर्नवास हेतु डी०एम०एम०सी०, सभागार सचिवालय परिसर, देहरादून में राज्य में भूकंप, भूस्खलन व आगजनी जैसी आपदाओं आदि से बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत विभाग की तैयारियों एंव दिशा निर्देशों पर बैठक का आयोजन किया गया।

5. विद्यालयों/ शिक्षण संस्थों के अंतर्गत आने वाले शिक्षण संस्थानों में बच्चों के अधिकारों के हनन से सम्बन्धित मामलों में वृद्धि होने के दृष्टिगत माह मई, 2023 को द सैपियंस स्कूल, हरबर्टपुर विकासनगर देहरादून में बैठक की गई। बैठक में विकासनगर क्षेत्र के सभी विद्यालयां शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यो / निर्देशकों / प्रबन्धकों से बाल अधिकारों के हनन जैसे सभी गम्भीर विषयों पर वार्ता की गई तथा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में योजित धाराओं के अंतर्गत नियमानुसार अनुसरण करने हेतु निर्देशित किया गया।

6. आयोग के सदस्यों के सहयोग से माह मई, 2023 में बालश्रम एंव बालभिक्षावृति उन्मूलन तथा पुनर्वास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें मंत्री श्रीमती रेखा आर्या जी द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर हमारा मनोबल बढ़ाया गया था तथा आयोग द्वारा किये जा रहे उत्कृष्ट कार्य की सराहना की गई।

7. आयोग द्वारा माह जुलाई, 2023 में इण्डिया चाइल्ड प्रोटेक्शन फण्ड के सहयोग से ऑनलाईन बाल यौन शोषण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें साईबर बुलिंग, हैकिंग, ऑनलाईन बाल यौन शोषण जैसे गम्भीर मुद्दो पर चर्चा की गई। कार्यशाला में पुलिस विभाग द्वारा साईबर क्राईम पर पुलिस स्तर से की जा रही कार्यवाही भी साझा की गई तथा आयोग को हर सम्भव सहायता प्रदान किये जाने का भी आश्वासन दिया गया।

8. विधान सभा की अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खण्डूडी जी की अनुमति व आयोग के सदस्य श्री विनोद कपरवाण के सहयोग से गैरसैंण विधानसभा परिसर में माह जून, 2023 में आयोग द्वारा चतुर्थ बाल विधानसभा के द्वितीय सत्र का दो दिवसीय आयोजन किया गया, जिसमें विधानसभा की अध्यक्ष महोदया द्वारा बाल विधानसभा के विधायकों से संवाद कर उन्हें विधानसभा की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया तथा विधानसभा का भ्रमण कराया गया व भविष्य में आयोग को बच्चों के हितों में किये जा रहे प्रयासों पर सहयोग प्रदान करने का आश्वासन भी दिया गया।

9. उत्तराखण्ड बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जनपद नैनीताल के भीमताल में सभी रेखीय विभागों के साथ बैठक की गई, जिसमें सभी विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मेरे द्वारा सभी रेखीय विभागों को आयोग के साथ एकजुट होकर बाल अधिकारों व उनके उत्थान व उत्पीडन पर कार्य किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

10. आयोग द्वारा सदस्य दीपक गुलाटी व सदस्य सुमन राय के सहयोग से अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर जनपद ऊधमसिंहनगर में बाल अधिकारों एंव सुरक्षा पर संवेदीकरण व जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें सभी रेखीय विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

11. आयोग द्वारा समय समय पर प्रतिष्ठित निजी स्कूलों, कोचिंग संस्थानों, एकेडिमियों का औचक निरीक्षण किया गया तथा उनमें नजर में आयी कमियों पर स्कूलों, कोचिंग संस्थानों को सुनवाई में आयोग में बुलाया गया।

12 आयोग द्वारा अनुशिक्षण संस्थान हेतु नियमावली तैयार किये जाने हेतु शासन से संस्तुति की गई।

13. रेस्क्यू किये गये बालश्रमिकों के लिये पुर्नवास केन्द्र तैयार किये जाने हेतु शासन को संस्तुति की गई।

14. नशे में लिप्त तथा नशा बेचने वाले बच्चों के लिये पुर्नवास केन्द्र तैयार किये जाने हेतु शासन से संस्तुति की गई।

15. स्टैन्डर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिजर के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में महिला सशक्तिरण एंव बाल विकास विभाग द्वारा समस्त विभागों से मा० सर्वोच्च न्यायालय के प्रश्नों के उत्तर / सुझाव के क्रम में आयोग द्वारा मिशिंग चिल्ड्रिन हेतु सुझाव शासन को प्रेषित किये गये।

16. मा० उच्च न्यायालय द्वारा जे०जे एक्ट तथा पोक्सों से जुडे हितधारकों हेतु ट्रेनिंग मोड्यूल तैयार करने में आयोग द्वारा सहभागिता की गई।

17. आयोग द्वारा आगामी 20 नवम्बर को टिहरी जनपद में बाल दिवस मनाया जायेगा।

# सूर्य बदलेंगे चाल, ये राशियां होंगी मालामाल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 17 नवंबर , अभी तक तुला राशि में चल रहे सूर्य दो दिन बाद अपनी राशि बदलने जा रहे हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित राम गोविंद शास्त्री के अनुसार सूर्य 17 नवंबर को तुला से वृश्चिक में गोचर कर जाएंगे। सूर्य का गोचर किसी न किसी रूप में सभी जातकों को शुभ-अशुभ फल देगा। इस दौरान कौन सी राशियां मालामाल होने वाली हैं। चलिए जानते हैं।

इस दिन तक वृश्चिक राशि में रहेंगे सूर्य

ज्योतिषाचार्य के अनुसार सूर्य हर महीने राशि बदलते हैं। 29 से 30 दिन में इनका गोचर होता है। इस बार सूर्य तुला से वृश्चिक राशि में गोचर करने जा रहे हैं। इसके एक महीने बाद यानि 17 दिसंबर को एक बार फिर ये राशि बदलकर धनु राशि में प्रवेश कर जाएंगे।

इन राशियों को होगा लाभ

धनु राशि


अगर आपकी राशि धनु है तो सूर्य गोचर आपके जीवन में धन लाभ होने के योग बन रहे हैं। सूर्य के राशि परिवर्तन से धनु राशि के जातकों को लाभ मिलेगा। व्यापार क्षेत्र से जुड़े लोगों को इस दौरान आर्थिक लाभ होगा। विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलेगी। आपको कोई शुभ समाचार भी प्राप्त हो सकता है। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी के भी संकेत मिल रहे हैं।

सिंह राशि

सिंह राशि वालों को सूर्य का गोचर लाभ दिलाएगा। सूर्य गोचर काल में आपको किस्मत का पूरा साथ मिलेगा। आर्थिक दृष्टि से भी दिन बेहतर होने वाला है। इस दौरान आपको अटका हुआ धन मिल सकता है। आपको कार्यक्षेत्र में उन्नति के नए मौके मिलेंगे।

धनु राशि

सूर्य गोचर का शुभ प्रभाव धनु राशि के जातकों पर भी पड़ेगा। आपको कोर्ट कचहर के कामों में सफलता मिल सकती है। साथ ही समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आपको आय में वृद्धि के संकेत भी मिल रहे हैं। अगर आप नौकरी पेशा हैं तो कार्यक्षेत्र में भी उन्नति के नए मौके आपको मिलेंगे। स्वास्थ्य पहले से बेहतर होगा।



# अल्मोड़ा दौरे में क्रिकेटर धोनी की दिखी सादगी





न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा , 17 नवंबर , भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी उत्तराखंड अल्मोड़ा स्थित अपने पैतृक गांव ल्वाली पहुंचे। महेंद्र सिंह धोनी 20 साल बाद पत्नी साक्षी, बेटी और अपने कुछ दोस्तों के साथ अपने पैतृक गांव ल्वाली पहुंचे। इस दौरान धोनी ने कुल देवता समेत गांव के चार मंदिरों में पूजा अर्चना कर परिवार के कल्याण की कामना की। इस दौरान धोनी ने गांव के लोगों से आत्मीयता से बात की। इस दौरान धोनी का भव्य स्वागत हुआ।

पत्नी साक्षी ने भी गांव की महिलाओं से खूब बातचीत की। इस दौरान धोनी ग्रामीणों के साथ अपने पैतृक आवास पहुंचे। मिली जानकारी के अनुसार, महेंद्र सिंह धोनी इससे पहले अपने परिजनों के साथ 2003 में गांव आए थे। 20 साल बाद वह दोबारा गांव आए हैं। महेंद्र सिंह धोनी व उनकी पत्नी के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है।

ग्रामीणों व युवाओं ने उनके साथ जमकर तस्वीरें भी खींची। बता दें भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपने परिवार के साथ इन दिनों उत्तराखंड के दौरे पर हैं। महेंद्र सिंह धोनी बीते रोज ही पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ पंतनगर एयरपोर्ट पर उतरे थे। इसके बाद महेंद्र सिंह धोनी नैनीताल के मेस आर्मी गेस्ट हाउस में रुके। इसके बाद महेंद्र सिंह धोनी अल्मोड़ा पहुंचे। यहां से धोनी अपने पैतृक गांव ल्वाली पहुंचे। परिवार संग अपने पैतृक गांव ल्वाली पहुंचे महेंद्र सिंह धोनी ने ईष्ट देव के दर्शन किया।

## नैनबाग में डीएवी कॉलेज छात्र संघ अध्यक्ष का स्वागत किया

नई टिहरी। डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून के नव निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल का अपने गृह क्षेत्र नैनबाग पहुंचने पर छात्रों, युवाओं और स्थानीय लोगों ने ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं से स्वागत किया। डीएवी पीजी कॉलेज छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल तहसील नैनबाग के कोड़ी गांव के मूल निवासी हैं, उनके पिता सुनील अग्रवाल राजस्व उप निरीक्षक के पद पर तैनात है, जबकि माता बीना अग्रवाल गृहणी है। बीते बुधवार देर शाम को छात्र संघ अध्यक्ष बनने के बाद नैनबाग पहुंचे सिद्धार्थ का राजकीय महाविद्यालय नैनबाग के निर्वाचित छात्र संघ अध्यक्ष आकाश चौहान और रवांई जौनपुर जौनसार (आरजेजे) छात्र संघ पदाधिकारी ने स्वागत किया। नैनबाग के छात्र संघ अध्यक्ष ने कहा प्रदेश के सबसे बड़े महाविद्यालय डीएवी कॉलेज में इस बार नैनबाग क्षेत्र का युवा अध्यक्ष बना है,जिस पर नैनबाग क्षेत्र के लोगों को गर्व है। कहा सिद्धार्थ के छात्र संघ अध्यक्ष बनने से कॉलेज में छात्रों बेहत्तर सुविधाऐं मिलेगी। मौके पर ज्येष्ठ प्रमुख जौनपुर सरदार सिंह कंडारी, प्रधान नैनबाग दिनेश खन्ना, क्षेपंस नैनबाग अंजलि कैंतुरा, प्रदीप कवि,गंभीर सिंह रावत, देशपाल सिंह, जयवीर सिंह, धीरेंद्र पंवार, नैनबाग व्यापार मंडलध्यक्ष दिनेश तोमर, सुंदरलाल अग्रवाल ,अनिल रावत, रणवीर रावत, नरेंद्र पवार, मोहनलाल निराला, उपेंद्र सिंह, वीरेंद्र रमोला, नरेंद्र पंवार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## छात्र मनीष का कबड्डी प्रतियोगिता में चयन

नई टिहरी। अटल उत्कृष्ट राइंका चमियाला में अध्ययनरत 12वीं के छात्र मनीष का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये चयनित होने पर शिक्षक अभिभावक संघ और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने खुशी जताई है। अभिभावक संघ के अध्यक्ष राजपाल सिंह नेगी ने बताया कि देहरादून में चल रही राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिये छात्र मनीष बीते बुधवार को देहरादून चले गये हैं। मनीष के चयन पर क्षेत्रीय विधायक शक्तिलाल शाह, प्रधानाचार्य रबिन्द्र तनवर, सुमेर सिंह कैंतुरा, नपं अध्यक्ष ममता पंवार, दिनेश भजनियाल, ब्लॉक प्रमुख बसुमति घणता, गोविन्द सिंह राणा, वीरपाल बिष्ट, शिक्षक सुनील सिंह बिष्ट सहित कई लोगों ने खुशी जताई है।

## नई टिहरी में कर्मियों ने लंबित मांगों को लेकर गेट मीटिंग की

नई टिहरी। उत्तराचंल फैडरेशन ऑफ मिनिसट्रियल सर्विसेज एसो. से जुड़े टिहरी शाखा के कर्मचारियों ने लंबित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर गेट मीटिंग की। कर्मचारियों ने सरकार से जल्द सभी मांगों पर उचित कार्यवाही करने की मांग की। गुरुवार को उत्तराचंल फडरेशन ऑफ मिनिसट्रियल संगठन से जुड़े विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने लोक निर्माण विभाग के 8वें वृत के दफ्तर के बाहर गेट मीटिंग कर लंबित मांगों पर चर्चा की। टिहरी शाखा के जिलाध्यक्ष राकेश भट्ट ने मिनिसट्रियल संवर्ग में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के कुल स्वीकृत पदों पर 3 प्रतिशत पदों पर उच्चीकृत करने, अक्टूबर 2005 के बाद नियुक्त कार्मियों को अंशदायी पेंशन योजना से आच्छादित करने, मिनिस्टिरियल कार्मियों की वर्तमान कैडर संरचना के अनुसार पूरे प्रदेश में समान पदनाम और समान वेतनमान दिये जाने, विभागों में पदोन्नति हेतु समय सीमा का निर्धारण किया जाने सहित 21 सूत्रीय मांगों को कर्मचारियों के समक्ष रखा। बताया कि उक्त मांगों को लेकर आगामी 7 दिसंबर को समस्त जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम होगा। 14 दिसंबर को समस्त जिलों मुख्यालयों में चेतना रैली का आयोजन किया जाऐगा। बावजूद सरकार मांगों का निस्तारण नहीं करती है तो कर्मचारी आंदोलन के लिये बाध्य होंगे। मौके पर जिला सचिव पूरण सिंह राणा, राजीव नेगी, मनमोहन पडियार, चंद्रशेखर नारायण थपलियाल,सुशील भट्ट, अनीता बडोनी, नीमा नेगी, रजनी डबराल, अतर सिंह नेगी, विजयपाल गुसाईं, प्रदीप सजवाण, नारायण सिंह रावत, सुखवीर रावत, इंद्रेश नौटियाल सहित भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

## एआई टेक्नोलॉजी ने नई चुनौतियां खड़ी कीं

नई टिहरी। राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर जिला सूचना विभाग सभागार में कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया के विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने एआई टेक्नोलॉजी को मीडिया के क्षेत्र में नई चुनौती बताया है। गुरुवार को राष्ट्रीय प्रेस दिवस पर प्रभारी जिला सूचना अधिकारी विनायक श्रीवास्तव की अध्यक्षता में गोष्ठी संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता सामाजिक सरोकार से जुड़ा क्षेत्र है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीकी ने पत्रकारिता को पूर्व की तुलना में काफी सक्षम बना दिया है।

# पंचतत्व में विलीन हुए सहाराश्री, पोते हिमांक राय ने दी मुखाग्नि

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 17 नवंबर। सहाराश्री सुब्रत राय का बृहस्पतिवार को लखनऊ के भैंसाकुंड में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके पोते हिमांक रॉय ने उन्हें मुखाग्नि दी। इसके पहले अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में आम लोग व वीआईपी शामिल हुए। सहारा समूह के संस्थापक सुब्रत राय की अंतिम यात्रा सहारा शहर से निकली तो बड़ी संख्या में राजनेताए फिल्मी हस्तियां और आम लोग मौजूद रहे। उनके पार्थिव शहर को भैंसाकुंड लाया गया जहां उनके पोते हिमांक ने मुखाग्नि दी।

अंतिम यात्रा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादवए कांग्रेस नेता राज बब्बरए कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी सहित फिल्म जगत की हस्तियां भी मौजूद रहे। इसके पहले सहारा शहर में अंतिम दर्शन के वीआईपी व सहारा कर्मचारियों का जमावड़ा लगा रहा। मुंबई के एक अस्पताल में गत दिवस सुब्रत रॉय का 75 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। वह लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। चार्टर प्लेन के जरिये उनका पार्थिव शरीर लखनऊ के चौधरी चरण सिंह हवाईअड्डे पर शाम 4:10 बजे लाया गया। शव को परिजन काफिले के साथ गोमतीनगर स्थित सहारा शहर उनके आवास पर पहुंचे। यहां भारी सुरक्षा इंतजामों के बीच लोगों ने अंतिम दर्शन किए। बड़ी संख्या में सहारा शहर पहुंचे सहारा परिवार के कर्मचारी व अधिकारियों की आंखें रॉय के पार्थिव शरीर को देखते ही नम हो गईं। ये लोग उनसे जुड़ी यादें एक-दूसरे से साझा करते नजर आए।

**सुब्रत रॉय के अंतिम दर्शन के लिए उमडी भीड, कई बडी हस्तियां रहीं मौजूद**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि**

सहाराश्री सुब्रत रॉय के निधन के बाद सोशल मीडिया पर सभी वर्ग के लोगों ने उन्हें याद किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर लिखा कि सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत रॉय का निधन अत्यंत दुखद है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान व शोकाकुल परिवारीजनों को यह अथाह दुख सहने की शक्ति दें। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि सहाराश्री का निधन उत्तर प्रदेश और देश के लिए भावनात्मक क्षति है। क्योंकि वह एक अति सफल व्यवसायी के साथ एक ऐसे अति संवेदनशील विशाल हृदय वाले व्यक्ति भी थे। जिन्होंने अनगिनत लोगों की सहायता कीए उनका सहारा बने। सहारा शहर में अंतिम दर्शन करने पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि सुब्रत रॉय का निधन बहुत पीड़ादायक है। उन्होंने अपने जीवन काल में प्रदेश में बहुत बड़ा कारोबार खड़ा किया। हम उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।





**खिलाडियों ने भी जताया दुख**

क्रिकेटर सुरेश रैना ने सुब्रत रॉय को श्रद्धांजलि देते हुए एक्स पर लिखा कि प्रेरक वक्ता और खेल प्रेमी नहीं रहे। ओलंपिक में मेडल जीतने वाले खिलाड़ी योगेश्वर दत्त ने लिखा कि सहारा ग्रुप के चेयरमैन और विख्यात व्यवसायी रहे सुब्रत रॉय के निधन पर पुण्य आत्मा को श्रद्धांजलि। सुब्रत रॉय का भारतीय खेलों के उत्थान में अहम योगदान रहा है। अभिनेत्री मनीषा कोईराला ने भी एक्स पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। लिखाए एक व्यक्ति जिन्होंने अपने संघर्ष के समय कभी हार नहीं मानी। मंगलवार रात से बुधवार को दिनभर सोशल मीडिया पर लोग सहाराश्री के कार्यए उनके व्यवहार और व्यक्तित्व को याद कर श्रद्धांजलि देते नजर आए।

## संपादकीय

## विराट-शमी का फाइनल

वाह ! क्या सेमीफाइनल मैच था ! ! विराट कोहली और मुहम्मद शमी के लिए तो यह फाइनल मैच था। विराट ने ऐतिहासिक 50वां एकदिनी शतक लगा कर महान सचिन तेंदुलकर का कीर्तिमान पार किया, तो शमी की सटीक और तूफानी गेंदों ने 57 रन देकर 7 विकेट उखाड़ दिए। अभूतपूर्व, अविश्वसनीय क्रिकेट थी यह ! शमी पहले भारतीय और अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज हैं, जिन्होंने विश्व कप के सेमीफाइनल में ऐसा सशक्त और विविधतापूर्ण प्रदर्शन किया। शमी ने सभी विश्व कप मैचों में कुल 54 विकेट हासिल कर नया कीर्तिमान रचा है। अब भविष्य की कहानियां उन्हीं से शुरू होंगी और क्रिकेट की पीढियां उनकी गेंदबाजी का अध्ययन करेंगी। शमी पहले भारतीय गेंदबाज हैं, जिन्होंने न्यूजीलैंड के बोल्ट और ऑस्ट्रेलिया के स्टार्क सरीखे गेंदबाजों के रिकॉर्ड पुराने कर दिए हैं। और नए मील-पत्थर अपने और भारत के नाम दर्ज कराए हैं। शमी ने विश्व कप मैचों में कुल 8 बार 4 या उससे अधिक विकेट उखाड़े हैं और मौजूदा टूर्नामेंट में 4 बार 5 या उससे अधिक विकेट हासिल किए हैं। ये सभी कीर्तिमानी प्रदर्शन हैं, जो विश्व कप के 'सर्वश्रेष्ठ प्लेयर' की जमात में उन्हें शामिल कर रहे हैं। शमी अभी तक सर्वाधिक 23 विकेट ले चुके हैं और औपचारिक फाइनल मैच अभी शेष है। ईमानदारी और आत्मा से विश्लेषण करें, तो सेमीफाइनल मैच शमी की गेंदबाजी ने ही जिताया है। बेशक विराट के 117 रन, श्रेयस अय्यर के ताबड़तोड़ 105 रन और कप्तान रोहित शर्मा की छक्केदार बल्लेबाजी के साथ शुभमन गिल के नाबाद 80 रनों की बदौलत ही टीम इंडिया 397 रनों का 'हिमालय' खड़ा करने में सफल रही, लेकिन शमी एक के बाद एक विकेट नहीं उखाड़ते, तो न्यूजीलैंड वह लक्ष्य भी पार कर सकता था। जब तक मिचेल और विलियम्सन मैदान पर थे, तब तक रनों की मूसलाधार बारिश हो रही थी, जिसे फिलिप्स ने और भयंकर बना दिया था। शमी ने उनकी निरंतरता को बार-बार तोड़ा, नतीजतन टीम इंडिया 70 रनों से जीत कर चौथी बार फाइनल में पहुंची है। बेशक बुमराह, कुलदीप यादव, सिराज ने 1-1 विकेट हासिल किए, लेकिन जडेजा इस बार खाली हाथ ही रहे। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बेहद आक्रामक क्रिकेट खेल रहे थे। बहरहाल विश्व कप के सेमीफाइनल में 397 रनों की पारी का 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन' भी भारत के हिस्से दर्ज किया गया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 2015 के सेमीफाइनल में 338 रनों का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था। वह कुल पांच बार विश्व चैम्पियन बना है। अब समीकरण और खेल के तेवर बदल चुके हैं। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया को लगातार पराजित करती आई है। बहरहाल यही मैच क्रिकेट के नए 'विराट' और 'करिश्माई गेंदबाज' शमी के लिए विश्व कप का फाइनल साबित हुआ है। विराट 711 रनों, तीन शतकों समेत, के साथ प्रथम स्थान पर हैं। इस संदर्भ में भी उन्होंने अपने 'आदर्श' और 'खेल की प्रेरणा' सचिन तेंदुलकर का 2003 के विश्व कप का 673 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा है। यदि क्रिकेट की दुनिया में कोई खिलाड़ी सचिन के कीर्तिमानों को छूकर पार जा सकता है, तो वह सिर्फ विराट कोहली ही हैं। कप्तान रोहित शर्मा 31 एकदिनी शतकों के साथ काफी पीछे हैं, लेकिन वह विश्व में तीसरे स्थान पर हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**

**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## कर्णप्रयाग अधिवक्ताओं ने एडीजे के कार्यकाल को सराहा

चमोली। कर्णप्रयाग के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) महेशचंद्र कोशिवा का देहरादून तबादला होने पर बार संघ ने कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एडीजे महेशचंद्र कोशिवा के कार्यकाल की सराहना की। गुरुवार को बार संघ के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बार संघ के अध्यक्ष रविंद्र पुजारी ने कहा कि कहा कि एडीजे महेशचंद्र कोशिवा ने न्यायप्रिय रहते हुए मामलों का त्वरित निस्तारण किया है। सिविल जज सीनियर डिवीजन छवि बंसल ने न्यायिक कार्यों में मिले एडीजे के मार्गदर्शन की सराहना की। इस मौके पर एडीजे महेशचंद्र कोशिवा ने कहा कि साल 2003 में कर्णप्रयाग से ही न्यायिक सेवाओं की शुरुआत की। और एडीजे के तौर पर भी यहां सेवाएं दी। कोशिवा ने कर्णप्रयाग में अधिवक्ताओं के काम को सहयोगपूर्ण बताया। इस मौके पर बार संघ के सचिव भुवन नौटियाल, उपाध्यक्ष आरएस पुंडीर, डीसी नैनवाल, जेपी पुरोहित, जेपी सेमवाल, आरएस नेगी, एसएस रावत, अशोक डिमरी, बीएल लडोला, गैरसैंण बार संघ के कुंवर सिंह बिष्ट, थराली बार संघ के हरेंद्र सिंह नेगी, केपी सती, दिनेश थपलियाल, संजय हटवाल, महानंद मैठाणी, त्रिभुवन भंडारी, राजेश देवली, पंकज कुमार, महावीर नेगी, महेश हटवाल, सुधा बिष्ट, दीपक कुमार, सतीश गैरोला, अनुज डिमरी आदि मौजूद थे।

## धीमी प्रगति पर डीएम ने जताई नाराजगी

पौड़ी। जल जीवन मिशन के कार्यो की प्रगति की समीक्षा बैठक में डीएम ने जल जीवन मिशन के कार्यो की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जताते हुए जल निगम व जल संस्थान के अफसरो को क्षेत्र में धीमी गति से कार्य करने वाले जूनियर इंजीनियर के नाम देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही बरतने वाले अफसरो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत जिले में 2778 में से 2318 योजनाओं पर कार्य पूरा हो चुका है, जबकि 460 योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है। बैठक में बताया गया कि दो करोड़ की लागत वाली 58 योजनाओं में से केवल 23 योजनाओं के कार्य की प्रगति 50 प्रतिशत से अधिक है। पंपिंग योजनाओं के लिए विद्युत संयोजन स्थापित करने के लिए डीएम ने विद्युत विभाग के अफसरों को जल्द कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### योजनाओं का लाभ सभी पात्र लोगों को मिले : राजेश सिंह

चमोली। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं, नीतियों तथा उपलब्धियों को प्रत्येक गांव एवं वार्ड स्तर तक पहुंचाने के लिए आउटरीच कार्यक्रम अभियान तेज हो गया है। यह अभियान 23 से 26 जनवरी, 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हो रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर गुरुवार को केंद्रीय संयुक्त सचिव राजेश सिंह ने जनपद चमोली में समस्त अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल संचालन करते हुए वंचित लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। गोपेश्वर में कलक्ट्रेट सभागार में केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनपद में आईईसी मोबाइल वैन के संचालन हेतु रूट चार्ट तैयार किया जाए। ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में कैंप आयोजित कर योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चिन्हित करें और मौके पर ही पंजीकरण के साथ उनकों लाभान्वित किया जाए। इस अभियान के सफल संचालन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर समिति गठित की जाए। प्रत्येक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की फोटो, वीडियो के साथ इसकी पूरी रिपोर्ट पोर्टल पर भी अपलोड की जाए। मौके पर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मुख्य विकास अधिकारी को प्रत्येक स्तर पर निगरानी समिति गठित करने और संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य कैंप एवं बहुउद्देशीय शिविर भी आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी रेखीय विभागों को निर्देशित किया कि विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चिन्हित किया जाए और मौके पर ही छूटे हुए पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी डॉ एलएन मिश्र ने बताया कि ग्राम पंचायत, ब्लाक एवं शहरी क्षेत्रों में निगरानी समितियों का गठन कर लिया गया है। जनपद की सभी 610 ग्राम पंचायतों एवं प्रत्येक नगर निकाय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आईईसी वैन के संचालन हेतु रूट चार्ट तैयार किया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, सीडीओ डॉ एलएन मिश्र, जिला विकास अधिकारी केके पंत, डीएसटीओ विनय जोशी, सभी रेखीय विभागों के अधिकारियों सहित ब्लाक एवं नगर निकायों के अधिकारी उपस्थित थे।

### नंदप्रयाग में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 18 को

चमोली। चमोली जैसे दूरस्थ पहाड़ी जिले के नन्दप्रयाग नगर पंचायत क्षेत्र में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी पत्रकार स्व. राधाकृष्ण वैष्णव की एक विशाल और निशुल्क चिकित्सा शिविर 18 नवम्बर को आयोजित होगा। जिससे वरिष्ठ चिकित्सक लोगों को अपनी चिकित्सीय सेवा और परामर्श निशुल्क प्रदान करेंगे। नन्दप्रयाग नगर पंचायत की अध्यक्ष डा. हिमानी वैष्णव ने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पत्रकार स्व. राधाकृष्ण वैष्णव व स्व. चन्द्रावती वैष्णव की स्मृति में आयोजित होने वाले इस चिकित्सा शिविर को जुनून चैरिटिवल सोसायटी के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न रोगो से ग्रसित रोगियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श दिया जायेगा।

### पौड़ी में कर्मियों ने काला फीता बांधकर जताया विरोध

पौड़ी। पदोन्नति में शिथिलीकरण न किए जाने व मिनिस्ट्रीयल कार्मिकों की लंबित मांगों के शासनादेश न होने से नाराज उत्तरांचल फैडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन ने गुरुवार को काला फीता बांधकर विरोध जताया। इस दौरान आक्रोशित कर्मचारियों ने काला फीता बांधकर कर जागरण अभियान के तहत विभागवार सांकेतिक गेट मीटिंग की। गुरुवार को अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उत्तरांचल फैडरेशन आफ मिनिस्ट्रीयल सर्विसेज एसोसिएशन से जुड़े कर्मचारियों ने विभिन्न कार्यालयों में काला फीता बांधकर गेट मीटिंग की। इस दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रेवतीनंदन डंगवाल, जिलामहामंत्री संजय नेगी ने कहा कि पदोन्नति में शिथिलीकरण नहीं होने सहित 21 सूत्रीय मांगों का हल नहीं होने से कर्मचारियों में सरकार के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है। शिथिलीकरण की प्रक्रिया नहीं होने पर आंदोलन शुरू कर दिया गया है। बताया कि आंदोलन के तहत 30 नवंबर तक प्रदेश के सभी मिनिस्ट्रीयल कर्मचारी विरोध स्वरूप काला फीता बांधकर गेट मीटिंग करेंगे। 7 दिसंबर को जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय धरना कार्यक्रम, 14 दिसंबर को जिलों में चेतना रैली का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद भी मांगे पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# डीजीपी अशोक कुमार ने ऑपरेशन स्माइल टीम की थपथपाई पीठ



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 17 नवंबर। 12वें चरण को सफल बनाने के लिए डीजीपी उत्तराखंड अशोक कुमार ने ऑपरेशन स्माइल टीम की पीठ थपथपाई। बृहस्पतिवार को डीजीपी उत्तराखंड अशोक कुमार की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में समीक्षा बैठक हुई।बैठक में ऑपरेशन स्माइल के समस्त नोडल अधिकारियों व टीम प्रभारियों के साथ डीजीपी अशोक कुमार ने समीक्षा बैठक की। डीजीपी ने सभी जनपदों की ऑपरेशन स्माइल की टीमों को बधाई देते हुए कहा कि आप लोगों की मेहनत से ऑपरेशन स्माइल का ये 12वां चरण सबसे अधिक सफल रहा। ऑपरेशन स्माइल पुलिस की संवेदनशीलता का चेहरा दिखाता है। साथ ही ऑपरेशन स्माइल पीड़ित केंद्रित पुलिस का सर्वोत्तम उदाहरण है। ऑपरेशन स्माइल में गुमशुदा बच्चों, पुरुषों और महिलाओं को उनके परिवार से मिलाने में उत्तराखंड पुलिस ने अहम भूमिका निभाई। डीजीपी ने अभियान को कामयाब बनाने वाले पुलिसकर्मियों और अधिकारियों को सम्मानित भी किया।8 साल में 4611 लोगों को मिलाया परिवार सेउत्तराखंड में वर्ष 2015 से प्रारम्भ हुए ऑपरेशन स्माइल ने अब तक 2486 बच्चे, 1207 महिला एवं 918 पुरूषों सहित कुल 4611 लोगों को उनके परिजनों से मिलाया है। जिसके बाद पुलिस द्वारा ऑपरेशन स्माइल अभियान जारी है।

**मुस्कान बिखेरता ऑपरेशन स्माइल का 12वां चरण रहा सफल**




## विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल संचालन को लेकर केंद्रीय संयुक्त सचिव ने ली अधिकारियों की बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

चमोली। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं, नीतियों तथा उपलब्धियों को प्रत्येक गांव एवं वार्ड स्तर तक पहुंचाने के लिए 23 नवंबर से 26 जनवरी, 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आउटरीच कार्यक्रम चलाए जाएंगे। विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर गुरूवार को केंद्रीय संयुक्त सचिव राजेश सिंह ने जनपद चमोली में समस्त अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफल संचालन करते हुए वंचित लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

केन्द्रीय संयुक्त सचिव ने कहा कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनपद में आईईसी मोबाइल वैन के संचालन हेतु रूट चार्ट तैयार किया जाए। ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्रों में कैंप आयोजित कर योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चिन्हित करें और मौके पर ही पंजीकरण के साथ उनकों लाभान्वित किया जाए। इस अभियान के सफल संचालन एवं नियमित मॉनिटरिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर समिति गठित की जाए। प्रत्येक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की फोटो, वीडियो के साथ इसकी पूरी रिपोर्ट पोर्टल पर भी अपलोड की जाए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मुख्य विकास अधिकारी को प्रत्येक स्तर पर निगरानी समिति गठित करने और संकल्प यात्रा के दौरान स्वास्थ्य कैंप एवं बहुउद्देशीय शिविर भी आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी रेखीय विभागों को निर्देशित किया कि विभाग के माध्यम से संचालित योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को चिन्हित किया जाए और मौके पर ही छूटे हुए पात्र लोगों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाए।

मुख्य विकास अधिकारी डॉ एलएन मिश्र ने बताया कि ग्राम पंचायत, ब्लाक एवं शहरी क्षेत्रों में निगरानी समितियों का गठन कर लिया गया है। जनपद की सभी 610 ग्राम पंचायतों एवं प्रत्येक नगर निकाय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आईईसी वैन के संचालन हेतु रूट चार्ट तैयार किया जा रहा है। बैठक में जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, सीडीओ डॉ एलएन मिश्र, जिला विकास अधिकारी केके पंत, डीएसटीओ विनय जोशी, सभी रेखीय विभागों के अधिकारियों सहित ब्लाक एवं नगर निकायों के अधिकारी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय प्रेस दिवस : जिला सूचना विभाग की ओर पत्रकार गोष्ठी का आयोजन

चमोली। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के मौके पर गुरुवार को जिला सूचना विभाग की ओर पत्रकार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया विषय पर चर्चा की गई। गोष्ठी में पत्रकार बंधु की ओर से कृत्रिम मेधा से मीडियाकर्मियों को मिली सुविधा और चुनौतियों के विषय में चर्चा की गई। गोष्ठी में चर्चा के दौरान वक्ताओं ने कृत्रिम मेधा का उपयोग संवेदनशीलता और तथ्यों के साथ करने की बात पर जोर दिया। सूचना विभाग कार्यालय चमोली में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ वरिष्ठ पत्रकार क्रांति भट्ट द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि जहां कृत्रिम मेघा की मदद से बेहतर प्रदर्शन किया जा रहा है। वहीं इस तकनीकी विधा में संवेदनशीलता न होने की चुनौती बनी हुई है। वहीं तेजी से समाचारों के प्रसारण की चुनौती से पार पाने के लिए इस मेधा का उपयोग करना कई बार तथ्य विहीन सूचनाओं के प्रसारण की चुनौती बनी हुई है। ऐसे में जमीनी मीडियाकर्मियों को संवेदनशीलता और तथ्यात्मकता के साथ कृत्रिम मेघा के उपयोग की आवश्यकता है। वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश भट्ट ने कहा कि कृत्रिम मेधा के उपयोग से मीडिया कर्मियों की समाचारों की रचनात्मकता प्रभावित हुई है। साथ ही तकनीक के माध्यम शोध और अध्ययन की प्रवृत्ति भी प्रभावित हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### गोष्ठी में रखे विचार

पौड़ी। राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सूचना कार्यालय में 'कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया की भूमिका विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग को लेकर विचार रखे गए। वरिष्ठ पत्रकार त्रिभुवन उनियाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग हर जगह बढ़ रहा है इसके जितने फायदे हैं उतने नुकसान भी है, इसलिए तकनीक से सामजस्य बिठाना आवश्यक है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म को भी समय के अनुकूल अब अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के बारे में मंथन करने की जरूरत है और समाचारों को उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। जिला सूचना अधिकारी वीरेंद्र सिंह राणा ने कहा कि कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के युग में मीडिया की भूमिका विषय पर मीडिया द्वारा जो बहुमूल्य विचार व्यक्त किये गये है उनको उचित माध्यम से संज्ञान में लाकर इम्प्लीमेंट करने का प्रयास किया जाएगा।

### पौड़ी में 24 को लगेगा मंसार मेला

पौड़ी। कोट ब्लाक के फलस्वाड़ी गांव में 24 नवंबर को मंसार मेला होगा। मेले को भव्य रुप देने के लिए 22 नवंबर से देवप्रयाग स्थित रघुनाथ मंदिर से तीन दिवसीय सीता सर्किट परिपथ यात्रा शुरू होगी। कोट क्षेत्र के करीब एक दर्जन गांवों से आए ग्रामीणों की बैठक में परिपथ यात्रा निकालने जाने की योजना को अंतिम रूप दिया गया। क्षेत्र के वाल्मीकि मंदिर परिसर में पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील लिंगवाल की अध्यक्षता में बुधवार को तैयारी बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीता सर्किट के निर्माण को लेकर व्यापक विचार विमर्श किया गया। इस दौरान बताया गया कि फलस्वाड़ी गांव स्थित माता सीता की समाधि स्थल पर 24 नवंबर को मंसार मेले का आयोजन होगा। इस दौरान सीता सर्किट परिपथ समिति सितोनस्यूं का भी गठन किया गया। जिसमें आचार्य अनुसूया प्रसाद सुंद्रियाल को संयोजक, कोट के पूर्व क्षेत्र प्रमुख सुनील लिंगवाल को अध्यक्ष, सुखदेव रावत को सचिव, राजपाल रौथाण को उपाध्यक्ष तथा मयूर भटट को सह सचिव की, जगमोहन सिंह रौथाण को कोषाध्यक्ष जिम्मेदारी सौंपी गई। यात्रा के संयोजक आचार्य अनुसूया प्रसाद सुंद्रियाल ने बताया कि सीता सर्किट का निर्माण कार्य जल्द शुरु किया जाना जरुरी है। कहा कि इस संबंध में सरकार से भी मांग की जाएगी। बताया कि 22 नवंबर को रघुनाथ मंदिर से सीता परिपथ यात्रा शुरु होगी। जो विधाकोटी होते हुए रात्रि विश्राम मुच्छयाली गांव में करेगी। बताया कि 23 नवंबर को यात्रा मुच्छयाली गांव से होते हुए घुड़दौड़ी, डांडापानी से देवल गांव में रात्रि विश्राम करेगी। उन्होने बताया कि 24 नवंबर को यात्रा निशान के साथ फलस्वाड़ी गांव स्थित माता सीता की समाधि स्थल पर पहुंचेगी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य तामेश्वर आर्य, सुरेंद्र रावत, प्रवीन पंवार, अनिल गुसांई, उत्तम लिंगवाल, राजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।